सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 332 इंदौर, शुक्रवार 19 जून, 2026 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मध्यप्रदेश को देश में आईटी और सेवा क्षेत्र का बनाएंगे अग्रणी केंद्र



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्यप्रदेश को आईटी और सेवा क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये हम प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4 आईटी पार्क उज्जैन, इंदौर-पीथमपुर इकोनामिक कॉरिडोर और निजी क्षेत्र की परियोजनाएं मिलकर एक ऐसा आधुनिक इको सिस्टम तैयार करेगी, जो मध्यप्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपालिटन रीजन इस परिवर्तन का ग्रोथ इंजन बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को इंदौर में निर्माणाधीन आईटी पार्क-3 के निरीक्षण में यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर को हम मध्यप्रदेश की आईटी और सेवा क्षेत्र की विकास राजधानी के रूप में विकसित कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में यहां विकसित होने वाला आईटी पार्कों का समग्र इको सिस्टम प्रदेश को नई आर्थिक गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईटी पार्क प्रदेश को आईटी, ग्लोबल केपीबिलिटी सेंटर और सेवा क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन परियोजनाओं से मध्यप्रदेश में एक सुदृढ़ और भविष्य उन्मुख डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन आईटी पार्क 557 करोड रुपए की लागत से ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह 22 मंजिला भवन 11.25 लाख वर्गफीट के कुल निर्मित क्षेत्रफल के साथ मध्य भारत का सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल आईटी पार्क बनने जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, मनोज पटेल और पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार, कलेक्टर शिवम वर्मा, एमपीआईडीसी के सीईओ हिमांशु प्रजापति सहित जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने बैतूल में 'आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज के सशक्तिकरण' कार्यक्रम को किया संबोधित

# विकास और संस्कृति का संतुलन ही सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समाज का सशक्तिकरण केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं होना चाहिए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होता है जब व्यक्ति में आत्म विश्वास, आत्म सम्मान, जागरूकता और दायित्व बोध का विकास हो। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने कहा कि जनजातीय समाज आत्म सम्मान के साथ जीवन जीने वाला समाज है और उसकी यही विशेषता उसे विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जागृति व्यक्ति को अपनी आंतरिक शक्ति का अनुभव कराती है तथा सकारात्मक सोच को जीवन के उच्च आदर्शों से जोड़ती है।**

उन्होंने कहा कि विकास और संस्कृति का संतुलन ही किसी भी सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला होता है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु बैतूल में आयोजित "आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण" महासम्मेलन को संबोधित कर रही थी। विकास और संस्कृति का संतुलन ही किसी भी सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला होता है। शाश्वत विकास वही है जो हमारी जड़ों को मजबूत बनाते हुए भविष्य की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करे।



राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मु ने कहा कि भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएंगी। हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत सुरक्षित और अक्षुण्ण रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रकार के सम्मेलन जनजातीय समाज के आध्यात्मिक उत्थान, सामाजिक जागरूकता और समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने मध्यप्रदेश शासन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनजातीय कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में इस बीमारी की संभावना अधिक पायी जाती है और इसके उन्मूलन के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से जनजातीय समाज का स्वास्थ्य स्तर और बेहतर होगा। राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मू ने कहा कि मध्यप्रदेश का बैतूल जिला अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। यहां के जनजातीय समुदायों ने अपनी परंपराओं, लोकज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखा है। सामूहिकता, सहयोग, सरलता, ईमानदारी और आध्यात्मिकता जैसे उच्च जीवन मूल्यों का जीवंत स्वरूप बैतूल की जनजातीय संस्कृति में दिखाई देता है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान ने मातृशक्ति को केंद्र में रखकर अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। संस्थान की आंतरिक शुचिता, मानवीय गरिमा, सेवा भावना तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायी है।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक मूल्यों के माध्यम से समाज को उन्नत, संस्कारित एवं सम्मानपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन के लिए प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के सभी भाई-बहनों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के आगमन पर अनहद संगीत महाविद्यालय बैतूल की 7 सदस्यीय कलाकारों द्वारा आकर्षक और मनमोहक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, ब्रह्मकुमारी संस्थान से राजयोगिनी शैलजा दीदी, राजयोगिनी मंजू दीदी, राजयोगी डॉ बी के नथमल जी उपस्थित हैं।

# ऐतिहासिक धरोहरों और जल संरचनाओं का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता

### मुख्यमंत्री ने प्राचीन श्री वीरगढ़ी हनुमान मंदिर परिसर की बावड़ी का किया अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी प्राचीन बावड़ियाँ और जल संरचनाएँ हमारी समृद्ध वास्तुकला और उत्कृष्ट जल प्रबंधन की प्रतीक हैं। इन ऐतिहासिक धरोहरों को संजोकर रखना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को इंदौर के प्राचीन श्री वीरगढ़ी हनुमान मंदिर परिसर में स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन बावड़ी का अवलोकन कर यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को वैज्ञानिक पद्धति से जीर्णोद्धार, बावड़ी के मूल ऐतिहासिक स्वरूप को बिना नुकसान पहुँचाए, वैज्ञानिक पद्धति से इसकी सफाई और जीर्णोद्धार कार्य तत्काल प्रारंभ के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और आम जन की सुरक्षा के लिए बावड़ी के चारों ओर मजबूत सुरक्षा जाली अथवा रैलिंग अनिवार्य रूप से लगाई जाए। बावड़ी के प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए तकनीकी उपाय किए जाएं, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। मंदिर और बावड़ी के आस-पास के क्षेत्र का व्यवस्थित सौंदर्यीकरण किया जाए, जिससे यहाँ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समस्त विकास एवं जीर्णोद्धार कार्य एक निश्चित समय-सीमा तय कर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। नगरीय विकास प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री सुमित मिश्रा, श्री सुदर्शन गुप्ता, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



## कृषि विकास इंदौर संभाग जितेन्द्र कुमार सिंह ने किया पदभार ग्रहण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। किसान कल्याण तथा कृषि विकास इंदौर संभाग के संयुक्त संचालक के रूप में जितेन्द्र कुमार सिंह ने किसान कल्याण तथा कृषि विभाग इंदौर पहुंचकर किया पदभार ग्रहण।

# स्कूल के फर्स्ट डे ही क्लास में सीएम मोहन यादव से हो गया सामना, मिला खूब प्यार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गर्मी की छुट्टी के बाद एमपी में सरकारी और गैर सरकारी स्कूल खुल गए हैं। स्कूल के पहले ही दिन इंदौर में बच्चों का दिन बन गया है। उनके क्लास में सीएम मोहन यादव पहुंच गए। उन्होंने छात्रों पर खूब प्यार और दुलार लुटाया है। साथ ही छात्रों से बात भी की है। मध्यप्रदेश के स्कूलों में 18 जून से चहल-पहल बढ़ गई। राज्य के स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का दूसरा चरण आयोजित किया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव इंदौर के शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से संवाद भी किया। साथ ही स्कूल की प्रयोगशाला का अवलोकन किया और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस निरीक्षण के दौरान सीएम मोहन यादव ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है और विद्यार्थी उत्साह



के साथ स्कूलों में पहुंचने लगे हैं। प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि बीते तीन वर्षों में प्राथमिक शिक्षा स्तर पर ड्रॉपआउट दर शून्य हो गई है। साथ ही, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। सीएम यादव जब अचानक छात्राओं के बीच पहुंचे तो वे यकीन ही नहीं कर सकीं। एक तरफ सीएम यादव ने उनसे कई तरह के सवाल किए, तो दूसरी तरफ छात्राओं ने भी उनसे प्रश्न पूछ लिए। छात्राओं ने उनके हर सवाल का जवाब दिया। उनके जवाबों से प्रदेश के मुखिया संतुष्ट नजर आए। सीएम यादव ने छात्राओं से दुलार भी किया और उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद भी दिया। साथ ने छात्राओं से विज्ञान को लेकर भी चर्चा की। छात्राओं ने लैब में उन्हें कई तरह की जानकारी दी।

### नटराजन के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर की टिप्पणी

## कांग्रेस-नेत्री के बिगड़े बोल... 'तुम वर्दी में गुलाम हो, कुत्ते हो'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस महिला विंग ने गुरुवार शाम कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान मंच से एक विवादित बयान सामने आया है। प्रदर्शन के बीच कांग्रेस नेत्री शशि हाड़ा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे पुलिसकर्मियों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करती दिखाई दे रही हैं। कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका, जिस पर कांग्रेस नेत्री नाराज हो गईं। वायरल वीडियो में वे पुलिसकर्मियों से कहती सुनाई दे रही हैं, 'तुम वर्दी में गुलाम हो, कुत्ते हो।' घटना के बाद वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। भाजपा समर्थकों और कई लोगों ने पुलिसकर्मियों के प्रति इस तरह की टिप्पणी को अनुचित बताते हुए इसकी आलोचना की है। उल्लेखनीय है कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस की महिला विंग प्रदेशभर में प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में इंदौर में भी कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की गई थी।

# तालाब एवं जल स्रोतों को करेंगे अतिक्रमण मुक्त: सीएम डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने इंदौर के लिंबोदी तालाब में किया श्रमदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहर के तालाबों एवं उससे जुड़े जल मार्गों (चैनलों) पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिये विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में इंदौर शहर में 10 से अधिक बड़े तालाबों तथा 250 से अधिक कुओं और बावड़ियों के संरक्षण के लिये किये गये कार्यों की सराहना की।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वच्छता में देश और दुनिया में अपनी पहचान स्थापित कर चुका इंदौर अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी अपनी उपलब्धियां दर्ज कर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिंबोदी तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण के कार्यों का अवलोकन कर श्रमदान भी किया। उन्होंने लिंबोदी में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन नीरस है। हम प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करें और आसपास के क्षेत्र की साफ-





सफाई करें। जल की एक-एक बूंद बचायें और जल को सहेजें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को इंदौर में करीब 100 वर्ष से अधिक पुराने लिंबोदी तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में शहर के प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये तालाबों, कुँओं एवं बावड़ियों का गहरीकरण एवं सफाई संबंधी कार्य किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत गुड़ी-पड़वा से की थी। अभियान में अभी तक प्रदेश में 2 लाख से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किये जा चुके हैं। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में शहर के तालाबों, कुँओं और बावड़ियों के संरक्षण, जीर्णोद्धार और विकास के व्यापक कार्य किये जा रहे हैं। अमृत 2.0 के अंतर्गत भी तालाब संरक्षण एवं विकास कार्य जारी हैं, जिनमें स्टोन बोल्डर पिचिंग, टो-वॉल निर्माण, बंधान पर रैलिंग, इको फ्रेंडली पाथ-वे, स्टोन बेंच आदि कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्री मधु वर्मा, जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर बस ऑपरेटरों की बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **आगामी मानसून एवं संभावित अतिवर्षा तथा बाढ़ की परिस्थितियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा इन्दौर संभाग में संचालित बस ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्षाकाल के दौरान यात्री सुरक्षा एवं सुगम परिवहन संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस ऑपरेटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री शर्मा ने निर्देशित किया है कि पुल-पुलियों पर पानी का बहाव होने की स्थिति में किसी भी परिस्थिति में वाहन को पार न कराया जाए। जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों का पूर्णतः पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी बसों में ब्रेक, स्टेयरिंग, वाइपर, ब्रेक लाइट, फॉग लैंप, इंडिकेटर, हेडलाइट एवं अन्य तकनीकी उपकरणों की जांच कर उन्हें सुचारू स्थिति में रखा जाए। वाहनों में स्पीड गवर्नर कार्यशील होना चाहिए तथा वाहन नियंत्रित गति से संचालित किए जाएं।

बैठक में बस ऑपरेटरों को निर्देश दिए गए कि वाहन चालक ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें। चालक वाहन संचालन प्रारंभ करने से पूर्व अपना मोबाइल परिचालक को सौंप दें तथा किसी भी स्थिति में वाहन चलाते समय मोबाइल पर बातचीत न करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है कि वाहनों में प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग हों, आपातकालीन द्वार सुचारू रूप से खुलता हो, अग्निशमन यंत्र एवं प्राथमिक उपचार पेटी उपलब्ध हो तथा सभी वैध दस्तावेज जैसे पंजीयन प्रमाण-पत्र, बीमा, फिटनेस एवं परमिट होने पर ही वाहनों का संचालन करें।

# नीट परीक्षा के लिए कलेक्टर और कमिश्नर ने खुद संभाली कमान, केंद्रों पर तैयारियां देखने पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में नीट यूजी 2026 की परीक्षा के सुचारू संचालन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आगामी रविवार 21 जून को आयोजित होने वाली इस पुनः परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग मुस्तैदी से जुटा हुआ है। इसी सिलसिले में आज सुरक्षा और व्यवस्था संबंधी तैयारियों की जमीनी हकीकत जानने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा ने केंद्रीय विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर कलेक्टर रोशन राय सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए की जा रही बैठक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर



संतोष कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा के बेहद कड़े और पुख्ता इंतजाम रहेंगे ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। नीट परीक्षा के सफल आयोजन के लिए इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 23,089 परीक्षार्थी शामिल होकर अपनी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम सवा 5 बजे तक संचालित की जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा के कुशल निर्देशन में परीक्षा को पूरी तरह से सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कड़े निर्देश जारी किए हैं कि केंद्रों पर ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं जिससे कि परीक्षा देने आने वाले विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की मानसिक या शारीरिक परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी परीक्षा केंद्रों में भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल, बैठने के लिए पर्याप्त छाया और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि परीक्षा की गोपनीयता और सुचिता का हर हाल में पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले या सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से अपवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध वैधानिक और सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक सुगमता से पहुंचने के लिए एआईसीटीएसएल की बसों की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। इसके अलावा शहरों की सड़कों पर यातायात की सुगमता और जाम की स्थिति से बचने के लिए भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। आकस्मिक चिकित्सा जरूरतों के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल स्टॉफ की तैनाती रहेगी तथा प्रत्येक पांच केन्द्रों के क्लस्टर पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए केंद्रों पर व्हीलचेयर आदि का प्रबंध रहेगा और बिजली कटौती से निपटने के लिए जनरेटर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के लिए केंद्र के बाहर टेंट और पीने के पानी की व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन ने परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों से यह विशेष आग्रह किया है कि वे परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी और सोशल मीडिया पर उड़ने वाली अफवाहों पर कतई ध्यान नहीं दें। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा और निगरानी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। साथ ही उड़नदस्तों द्वारा भी प्रत्येक केन्द्र का समय-समय पर भ्रमण कर सतत निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा की तमाम व्यवस्थाओं पर नजर रखने और समन्वय के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 109 में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसकी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रहेंगी।

## मेकअप आर्टिस्ट ने कहा- शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, पति से भी अलग करवा दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक मेकअप आर्टिस्ट ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, आर्थिक धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने रतलाम निवासी तौकीर अली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि रतलाम आने-जाने के दौरान उसकी तौकीर से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और आरोपी इंदौर आकर उससे मिलने लगा।

शिकायत के मुताबिक आरोपी ने शादी का वादा कर उसे एक होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वर्ष 2025 तक दोनों के बीच संपर्क बना रहा और कई बार मुलाकातें हुईं। इस दौरान आरोपी ने सैलून व्यवसाय में पार्टनर बनने की बात भी कही, लेकिन बाद में उसका व्यवहार बदल गया और वह मारपीट करने लगा।

पीड़िता का आरोप है कि सैलून से संबंधित आर्थिक लेन-देन का हिसाब भी आरोपी के पास था, लेकिन उसने न तो रकम का सही ब्योरा दिया और न ही पैसा लौटाया। जब महिला ने शादी की बात की तो आरोपी टालमटोल करने लगा। महिला ने बताया कि आरोपी के शादी से इनकार करने पर परिवार की सहमति से



उसने दूसरी जगह विवाह कर लिया। हालांकि कुछ समय बाद आरोपी ने उसके पति को दोनों के पुराने संबंधों की जानकारी दे दी, जिससे वैवाहिक संबंध टूट गए और उसे मायके में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। पीड़िता के अनुसार दिसंबर 2025 में आरोपी ने समझौते और बातचीत के बहाने उसे मिलने बुलाया। इस दौरान वह उसे एक होटल ले गया, जहां फिर से शारीरिक संबंध बनाए और जल्द शादी करने तथा सैलून की रकम लौटाने का आश्वासन दिया। लेकिन बाद में आरोपी ने कथित तौर पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी ने न केवल रकम लौटाने से इनकार कर दिया, बल्कि संबंध समाप्त करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर उसने पुलिस की शरण ली। लसूड़िया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी तौकीर अली के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला का शव फांसी के फंदे पर मिला

### पति ने काटा अपना गला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खुडैल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि उसके पति ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। दोनों को इस हालत में सबसे पहले उनके बच्चों ने देखा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल पति का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है।**

खुडैल पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार शाम ग्राम बिहाड़िया की है। मृतका ज्योति और



उसके पति बलराम की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद ज्योति ने पहले अपने दोनों बच्चों को बाहर खेलने भेज दिया और फिर घर में फांसी लगा ली। इसके बाद पति बलराम ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। कुछ देर बाद जब बच्चे घर लौटे तो दोनों को गंभीर हालत में देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ज्योति को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घायल बलराम को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने पारिवारिक विवाद सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में विवाहिता की आत्महत्या के मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। परिजनों ने पति पर लगातार मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस के अनुसार संविद नगर निवासी आरती पटेल (26) ने 25 मई को अपने कमरे में छत के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मृतका के पिता द्वारका पटेल, भाई दीपक पटेल और रिश्तेदार खेमचंद पटेल के बयान दर्ज किए गए। तीनों साक्षियों ने पुलिस को बताया कि आरती के पति गोपाल पटेल निवासी ग्राम सरदई, जिला सागर, शादी के बाद से ही उसके साथ आए दिन विवाद, मारपीट और प्रताड़ना करता था। परिजनों का आरोप है कि लगातार घरेलू कलह और शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आरती ने आत्मघाती कदम उठाया। मर्ग जांच में सामने आए तथ्यों और साक्षियों के बयानों के आधार पर पुलिस ने गोपाल पटेल के खिलाफ एफआइआर की है।

## पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में विवाहिता की आत्महत्या के मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज किया है। जांच में सुसाइड नोट और साक्षियों के बयानों के आधार पर प्रताड़ना के आरोप सही पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार भमौरी स्थित न्यू अंजनी नगर में रहने वाली सीमा जैन ने 19 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

### श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने जनजातीय महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रशंसा की

# नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने सभी की सहभागिता जरूरी : राष्ट्रपति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश भ्रमण के पहले दिन गुरुवार को बैतूल में आयोजित "आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण" महासम्मेलन में विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टॉल का अवलोकन कर जनजातीय समुदाय की महिलाओं के द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों की प्रशंसा की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बैतूल में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।**



उन्होंने बैतूल जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाएं सतपुडांचल प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से रागी, कोदो, कुटकी ज्वार एवं बाजरा जैसे पोषक तत्वों से भरपूर श्रीअन्न से बने कुकीज, पास्ता, नूडल्स, इंस्टेंट इडली डोसा, मिक्स दलिया तथा अन्य स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों का निर्माण कर रही है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग दुर्गादास उइके, प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी अवलोकन के दौरान उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने वोकल फॉर लोकल, लखपति दीदी एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में विभिन्न स्व-सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उत्पादों के निर्माण से महिलाओं की आय में वृद्धि हो रही है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुए महिलाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महती जिम्मेदारी निभा रही हैं। प्रदर्शनी में सतपुडांचल प्रोड्यूसर कंपनी में 175 स्व-सहायता समूह के 2075 समूह विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने विशेष रूप से अन्न से बने व्यंजनों की पोषण प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में 18 प्रकार के पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए थे। राष्ट्रपति ने गौशालाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का भी अवलोकन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने भरेवा शिल्प कला के स्टॉल का भी अवलोकन किया। जनजातीय महिलाओं द्वारा पीतल, तांबा, कांसा आदि से निर्मित विशिष्ट धातु शिल्पों को प्रदर्शित किया गया। इस स्टॉल में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने डोकरा कला के नाम से प्रसिद्ध धातु शिल्प निर्माण में जनजातीय महिलाओं की कुशलता और निपुणता की सराहना की।

## महाकाल मंदिर के गर्भगृह में डिजिटल क्रिएटर ने किए दर्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में गर्भगृह प्रवेश को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों के गर्भगृह में जाकर दर्शन करने और फोटो खिंचवाने की तस्वीरें सामने आने के बाद श्रद्धालु मंदिर समिति के कामकाज और आम भक्तों के साथ हो रहे भेदभाव पर सवाल उठा रहे हैं। तस्वीरें 15 जून की बताई जा रही हैं। उस दिन सोमवती अमावस्या होने के कारण महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। इसी दौरान दिल्ली निवासी अक्षय आनंद ने अपने फेसबुक और सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में वह अपनी पत्नी और मित्रों के साथ महाकाल मंदिर के गर्भगृह में दर्शन करते नजर आ रहे हैं। अक्षय धोती-सोला पहनकर गर्भगृह में पहुंचे थे और वहां फोटो भी खिंचवाई। जबकि मंदिर परिसर में फोटोग्राफी प्रतिबंधित है। तस्वीरें सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी जताई। कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि जब आम श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह बंद है तो कुछ लोगों को वहां प्रवेश कैसे मिल गया। लोगों ने इसे वीआईपी कल्चर और दोहरी व्यवस्था बताया।

### डीजीपी से निरीक्षक श्रीमती दीपिका गौतम ने सौजन्य भेंट की

# अफ्रीका की सर्वोच्च चोटी पर फहराया तिरंगा, पुलिस का बढ़ाया गौरव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से माउंट किलिमंजारो विजय के उपरांत निरीक्षक श्रीमती दीपिका गौतम ने पुलिस मुख्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मकवाणा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए डीजीपी ने कहा कि यह सफलता मध्यप्रदेश पुलिस की महिला अधिकारियों की क्षमता, साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि निरीक्षक श्रीमती दीपिका गौतम ने अपनी उपलब्धि से प्रदेश की महिलाओं, युवाओं तथा पुलिस बल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा दी है। इस अवसर



पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एससीआरबी जयदीप प्रसाद एवं पुलिस महानिरीक्षक एससीआरबी हरिनारायणचारी मिश्र उपस्थित थे। राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय में पदस्थ इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने 29 मई 2026 को अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो के Gilmans point 5685m पर पहुंचकर तिरंगा एवं मध्यप्रदेश पुलिस का ध्वज फहराया। इस अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहण अभियान में वे भारत की एकमात्र प्रतिभागी थीं। इस उपलब्धि के साथ निरीक्षक श्रीमती दीपिका गौतम मध्यप्रदेश पुलिस की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं, जिन्होंने तंजानिया स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्वत शिखर पर सफलतापूर्वक फतह कर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है।

माउंट किलिमंजारो अभियान पांच दिनों का अत्यंत चुनौतीपूर्ण एवं कठिन अभियान था। इस दौरान तीन बेस कैंप पार करने के बाद अंतिम चढ़ाई रात्रि में प्रारंभ की गई। अभियान के दौरान तापमान माइनस 10 से 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था तथा लगातार बदलते मौसम ने परिस्थितियों को और अधिक कठिन बना दिया था। इन चुनौतियों के बावजूद निरीक्षक श्रीमती दीपिका गौतम ने अदम्य साहस, धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए सफलता प्राप्त की।

### राज्य में यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में

# लिव-इन में जन्मे बच्चों को मिलेगा संपत्ति में वारिसाना हक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।उत्तराखंड की तर्ज पर अब मध्यप्रदेश में भी समान नागरिक संहिता लागू करने की कवायद बेहद तेज हो गई है। राज्य में यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुद संकेत दिए हैं कि आगामी मानसून सत्र में सरकार इस ऐतिहासिक विधेयक को विधानसभा में पेश कर पारित करा सकती है।**



सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित 7 सदस्यीय समिति ने इसका प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इस बड़े और प्रगतिशील सामाजिक सुधार के लिए व्यापक जनसमर्थन (पब्लिक मैंडेट) जुटाने के उद्देश्य से समिति के सदस्य लगातार अलग-अलग जिलों में जाकर विभिन्न समूहों से संवाद कर रहे हैं। साथ ही आम जनता से ऑनलाइन 12 सवाल पूछकर 'हां' या 'ना' में जवाब मांगे जा रहे हैं। मप्र का आगामी यूसीसी कानून मुख्य रूप से चार मजबूत सामाजिक स्तंभों पर टिका होगा। इस कानून का पूरा ढांचा विवाह, तलाक और भरण-पोषण, उत्तराधिकार व संपत्ति, और आधुनिक लिव-इन संबंधों के इर्द-गिर्द तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य अलग-अलग पर्सनल लॉ के कारण पैदा होने वाली अदालती और कानूनी जटिलताओं को हमेशा के लिए खत्म करना है। यूसीसी के ड्राफ्ट में 'लिव-इन रिलेशनशिप' को लेकर बेहद सख्त और सुरक्षात्मक प्रावधान रखे गए हैं। सरकार लिव-इन संबंधों को केवल एक 'निजी पसंद' नहीं रहने देना चाहती। इसके तहत लिव-इन में रहने वाली महिलाओं को अलग होने की स्थिति में वित्तीय सहायता (भरण-पोषण) का अधिकार देने का प्रस्ताव है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन संबंधों से पैदा होने वाले बच्चों को पूर्ण कानूनी संरक्षण दिया जाएगा ताकि समाज में उन्हें 'नाजायज' न माना जाए। ऐसे बच्चों को कानूनी रूप से माता-पिता की संपत्ति में पूर्ण बायोलॉजिकल उत्तराधिकार और भरण-पोषण का हकदार बनाने का प्रावधान शामिल किया गया है। इसके लिए उत्तराखंड की तरह मप्र में भी लिव-इन का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन या डिक्लेरेशन करना होगा।

## संपादकीय

### संयुक्त राष्ट्र में भारत की दो टूक: आतंक और समझौता साथ-साथ नहीं चल सकते

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की फर्स्ट सेक्रेटरी अनुपमा सिंह ने साफ किया है कि सिंधु जल संधि (IWT) पर दिल्ली अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा। कश्मीर पर एक बार फिर उन्होंने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इस पर बहस की कोई गुंजाइश नहीं है। वहीं पाकिस्तान के खुद को आतंकवाद से पीड़ित कहने पर सिंह ने कहा कि इस देश का इतिहास दुनिया से छिपा नहीं है कि कैसे वह अपनी जमीन पर आतंक को पनाह देता रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 62वें सत्र में बोलते हुए अनुपमा सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान वह देश है, जिसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ आतंकवादियों को पनाह देने, उन्हें ट्रेनिंग देने और उन्हें तैनात करने की नीति पर गर्व करते हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान खुद को आतंकवाद का शिकार बताता है। यह वाकई एक ऐसा विरोधाभास है जिसे सिर्फ पाकिस्तान ही बनाए रख सकता है।' संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की फर्स्ट सेक्रेटरी अनुपमा सिंह ने सिंधु जल समझौते पर दिल्ली के पीछे हटने की संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत का IWT पर रुख पूरी तरह साफ है। पाकिस्तान अपनी नीति के तौर पर आतंकवाद को बढ़ावा देकर सद्भावना और दोस्ती पर आधारित सहयोग की मांग नहीं कर सकता है। सिंह ने आगे कहा कि यह भी एक सच है कि यह समझौता (IWT) पुराना हो चुका है। साल 1960 में हुए समझौते को हमेशा के लिए मिला अधिकार नहीं माना जा सकता, जो जवाबदेही और आज की हकीकत से पूरी तरह दूर हो। इस काउंसिल में उसके समय-समय पर किए जाने वाले ड्रामे अब पुराने पड़ चुके हैं और उनमें कोई नयापन नहीं रहा। अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और संयुक्त राष्ट्र में इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की ओर से जम्मू-कश्मीर के संबंध में लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और ओआईसी की टिप्पणियों पर भारत को अपना उत्तर देने का पूरा अधिकार है। सिंह ने आगे कहा, 'हम पाकिस्तान और ओआईसी के निराधार और दुर्भावनापूर्ण आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। पाकिस्तान का दुष्प्रचार उसकी घरेलू विफलताओं और आतंकवाद को समर्थन देने को छिपाने के लिए रचा गया है। ओआईसी समन्वयक की भूमिका का उसका दुरुपयोग इस धोखे को और मजबूत करता है।' अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान अपने कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में हो रहे घटनाक्रमों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है, जहां हाल के हफ्तों में विरोध प्रदर्शन और अशांति तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि रावलकोट में जारी त्रासदी, सैकड़ों नागरिकों की हत्या और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रही क्रूर कार्रवाई, जबरन कब्जे पर आधारित और दमन के जरिए कायम रखी गई व्यवस्था का अपेक्षित परिणाम है। अनुपमा सिंह भारतीय विदेश सेवा (IFS) की 2014 बैच की अधिकारी हैं। उन्होंने मौलाना आजाद नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक और दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से फाइनेंस में एमबीए किया है। अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जवाब देकर ध्यान खींचा है।

## महिला जगत

# दोनों हाथ नहीं थे, दुनिया ने कमजोर समझा, आज अफसर हैं Mouli पैरों से करती हैं काम

कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों, तो मुश्किलें भी रास्ता बन जाती हैं। इस बात को सच कर दिखाया है महाराष्ट्र की रहने वाली Mouli Adukar ने। जन्म से दोनों हाथ न होने के बावजूद उन्होंने कभी अपनी परिस्थितियों को अपनी पहचान नहीं बनने दिया। आज वे न सिर्फ आत्मनिर्भर हैं, बल्कि सरकारी अधिकारी बनकर हजारों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।माऊली की कहानी यह बताती है कि जीवन में चुनौतियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अगर परिवार का साथ और खुद पर भरोसा हो, तो मंजिल दूर नहीं रहती।






### जन्म से नहीं थे दोनों हाथ, समाज ने माना दुर्भाग्य

महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के पोर्ले गांव में जन्मी माऊली आडूकर जब इस दुनिया में आईं, तो उनके दोनों हाथ नहीं थे। परिवार के लिए यह स्थिति भावनात्मक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण थी। समाज के कई लोगों ने उनके भविष्य को लेकर नकारात्मक बातें कहीं। कुछ लोगों ने तो परिवार को उन्हें बोझ मानने तक की सलाह दी। लेकिन माऊली के परिवार ने हार मानने के बजाय उनका साथ देने का फैसला किया।

### पिता और दादी बने सबसे बड़ी ताकत

जब दुनिया सवाल उठा रही थी, तब माऊली के पिता और दादी उनके लिए सबसे मजबूत सहारा बनकर खड़े रहे। उनकी दादी ने बचपन से ही उन्हें आत्मविश्वास दिया और यह महसूस कराया कि वे किसी से कम नहीं हैं। पिता ने भी हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और सिखाया कि जिंदगी में हालात चाहे जैसे हों, उनका डटकर सामना करना चाहिए।

### पैरों को बनाया अपनी ताकत

माऊली ने अपनी कमी को कमजोरी नहीं बनने दिया। उन्होंने पैरों को ही अपना सहारा बना लिया और धीरे-धीरे उनसे हर काम करना सीख लिया। आज वे पैरों से लिखती हैं, कंप्यूटर चलाती हैं, खाना बनाती हैं और यहां तक कि हार्मोनियम भी बजा लेती हैं। सुई में धागा पिरोने जैसे बारीक काम भी वे आसानी से कर लेती हैं। उनकी यह क्षमता



न सिर्फ आत्मनिर्भरता की मिसाल है, बल्कि यह साबित करती है कि इंसान की सबसे बड़ी ताकत उसका संकल्प होता है।

### स्कूल ने एडमिशन देने से किया था इनकार

माऊली के जीवन में ऐसे भी दिन आए, जब एक स्कूल ने उनकी दिव्यांगता की वजह से उन्हें दाखिला देने से मना कर दिया। यह पल किसी भी बच्चे और उसके परिवार के लिए निराशाजनक हो सकता था। लेकिन उसी समय एक शिक्षक उनके साथ खड़े हुए और उनकी जिम्मेदारी उठाई। बाद में उन्होंने विशेष संस्थान में रहकर पढ़ाई की, जहां हॉस्टल जीवन ने उन्हें और अधिक आत्मनिर्भर बनाया। अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने दसवीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक हासिल किए और साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती।

### पैरों से सीखा कंप्यूटर, पूरी की मास्टर्स डिग्री

शिक्षा के प्रति उनका जुनून कभी कम नहीं हुआ। उन्होंने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक से कंप्यूटर डिप्लोमा किया और पैरों की मदद से कंप्यूटर चलाना सीखा। इसके बाद उन्होंने कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया और फिर मनोविज्ञान में मास्टर्स डिग्री हासिल की। लेकिन माऊली के सपने यहीं खत्म नहीं हुए। माऊली का सपना प्रशासनिक सेवा में जाने का था। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की और कठिन परिश्रम के बल पर सफलता हासिल की। उन्होंने बृहन्मुंबई महानगरपालिका यानी Brihanmumbai Municipal Corporation की परीक्षा पास की और आज वे असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। हालांकि माऊली का कहना है कि यह उनकी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। वे आगे भी प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना पूरा करने के लिए तैयारी कर रही हैं।

### संघर्ष से सफलता तक का सफर

माऊली आडूकर की कहानी उन लोगों के लिए एक संदेश है, जो मुश्किल परिस्थितियों में हार मान लेते हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि सीमाएं शरीर में नहीं, बल्कि सोच में होती हैं। उन्होंने साबित कर दिया कि अगर हौसले बुलंद हों, तो बिना हाथों के भी जिंदगी की सबसे बड़ी ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है।

Uttarpradesh

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी: कई बार डिलीट की गई गिनती वाले कमरे की सीसीटीवी फुटेज, रिकवरी की कोशिश

**अयोध्या, (एजेंसी)** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच में जुटी एसआईटी को गणना कक्ष में लगे सीसीटीवी फुटेज की रिकॉर्डिंग पिछले कुछ महीनों में कई बार डिलीट मिली है। डीबीआर को दिल्ली भेजकर इन्हें रिकवर करने की कोशिश हो रही है। वहीं, कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया की छानबीन में भी एसआईटी जुट गई है। पुजारियों से भी एसआईटी ने पूछताछ की है। रडार पर राम मंदिर के करीब ढाई सौ से अधिक कार्यकर्ता हैं। इन सभी से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। इनमें दर्जनों अवैतनिक सेवा देने वाले वरिष्ठ पदाधिकारी है जबकि निर्धारित मानदेय कर्मचारी



के रूप में कार्यरत कर्मचारी भी हैं। दूसरी तरफ राम मंदिर में पूजा-पाठ करने वाले पुजारियों से भी परिसर स्थित ग्रीन हाउस में काफी देर पूछताछ हुई है। एसआईटी इनकी नियुक्ति का पैमाना और परिसर में जिम्मेदारी का निर्धारण किस रूप में किया गया था, इसपर भी छानबीन कर रही है। इसके पहले इनकी पूरी सूची तैयार कराकर जांच अधिकारियों ने लिया है। एसआईटी से जुड़े अधिकारियों ने परिसर के बाहर स्थित ट्रस्ट के कार्यालय जो कि श्रीराम निवास मंदिर में संचालित है, का भी गुरुवार को निरीक्षण किया। इसके अलावा वहां से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी भी ली। राममंदिर में चढ़ावे की रकम में कथित हेराफेरी मामले की जांच में जो सबसे महत्वपूर्ण बात निकल कर आई है, वह यह है कि नोटों के गिनती वाले कमरे में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग को एक बार नहीं कई बार डिलीट किया गया है।

Uttarpradesh

## थाने में युवक ने खुद को लगाई आग, स्टाफ ने कंबल डालकर बुझाई, भाई को उठा लाई थी पुलिस



**संभल, (एजेंसी)** यूपी के संभल जिले में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया था. इसके बाद उसका भाई भी थाने पहुंच गया और उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली. पुलिसकर्मियों ने दौड़कर कंबल से आग बुझाई और झुलसी हुई हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है. आग लगाने वाला युवक अपने भाई को निर्दोष बताते हुए पुलिस से छोड़ने की मांग कर रहा था. लेकिन पुलिस ने दो पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई शुरू कर दी. एसपी केके बिश्नोई ने युवक से अस्पताल पहुंचकर पूछताछ की है.

दरअसल, धनारी थाना इलाके के बगडेर गांव में बच्चों के मुंडन संस्कार कार्यक्रम के दौरान बुधवार की देर रात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था. विवाद की जानकारी मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और लखपत सिंह और भरत सिंह को हिरासत में लेकर थाने ले आई.

इसके बाद गुरुवार को दिन में दोनों पक्ष मामला सुलझाने की कोशिश में लगे रहे, लेकिन हिरासत में लिए गए दो लोगों में से एक आरोपी का भाई मोरध्वज अपने भाई को निर्दोष बताते हुए पुलिस से छोड़ने की मांग करता रहा. पुलिस ने छोड़ने से इनकार करते हुए कार्रवाई की बात कही. दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई शुरू कर दी.

Jharkhand

## झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार

**रांची, (एजेंसी)** 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों के लिए गुरुवार को चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई। इनमें से 19 सीटें NDA को, इंडिया ब्लॉक को 6 और एक सीट मिजोरम की जोराम पीपुल्स मूवमेंट (ZPM) को मिली। इस चुनाव में NDA और इंडिया ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा हुआ। गुरुवार को झारखंड की 2 और मिजोरम की एक राज्यसभा सीटों के रिजल्ट आए। झारखंड में एक सीट NDA समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार उद्योगपति परिमल नाथवानी और दूसरी झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीती। झारखंड में क्रॉस वोटिंग की वजह से परिमल को जीत दर्ज मिली। यहां 3 वोट अवैध पड़े। कांग्रेस ने आरजेडी और लेफ्ट पर साथ ना देने का आरोप लगाया। वहीं, मिजोरम की एक सीट पर जोराम पीपुल्स मूवमेंट (ZPM) प्रत्याशी के. लल्टलुआंगकिमा जीते।

Chhattisgarh

## ट्रेन में किन्नरों ने कपड़े उतारकर किया डांस

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में किन्नरों ने यात्रियों से बदसलूकी की और उनसे जबरन पैसे मांगे। वहीं, ट्रेन में कुछ किन्नरों के कपड़े उतारकर अश्लील हरकतें करते हुए डांस करने का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद रजिया किन्नर और राजा किन्नर के दो गुट आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दोनों गुट थाने पहुंच गए, जहां काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक बिलासपुर में किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच काफी समय



से विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ वीडियो और अन्य सामग्री सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। इसी वजह से तनाव बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले राजा किन्नर और रजिया किन्नर के गुट के बीच विवाद हुआ था।

खेल

### स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास

## T20I क्रिकेट में 600 चौके लगाने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी, पुरुषों को पछाड़ा

**लीड्स, (एजेंसी) भारतीय स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 चौके पूरे कर इतिहास रच दिया और ऐसा करने वाली पुरुष एवं महिला क्रिकेट की पहली खिलाड़ी बन गईं। नीदरलैंड्स के खिलाफ 74 रन की शानदार पारी खेलते हुए मंधाना ने यह उपलब्धि हासिल की, जबकि भारत ने मुकाबला 95 रन से अपने नाम किया।**




भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, जिसे अब तक पुरुष या महिला क्रिकेट में कोई भी खिलाड़ी हासिल नहीं कर सका था। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 चौके लगाने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला टी20 विश्व कप में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान हासिल की। हेडिंग्ले में खेले गए इस मैच में मंधाना ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से इतिहास रचते हुए 600वां चौका लगाया और टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई।

पारी की शुरुआत करने उतरी मंधाना ने शानदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर 74 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने कई आकर्षक चौके जड़े और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने चौकों की संख्या 604 तक पहुंचा दी। मंधाना ने यह उपलब्धि महज 168 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हासिल की है। उनकी बल्लेबाजी का सबसे बड़ा आधार टाइमिंग, क्लासिक स्ट्रोक्स और मैदान के गैप्स का बेहतरीन इस्तेमाल रहा है।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाली खिलाड़ियों की सूची में स्मृति मंधाना अब शीर्ष पर हैं।

मंधाना और दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के बीच 80 से अधिक चौकों का अंतर है, जो उनकी निरंतरता और प्रभावशाली बल्लेबाजी को दर्शाता है।

नीदरलैंड्स के खिलाफ इस पारी के दौरान मंधाना ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ते हुए महिला टी20 विश्व कप में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर (6) बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

सिनेमा

## वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे अक्षय कुमार: 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले लिया आशीर्वाद



अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे। गुरुवार को अक्षय कुमार ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इससे पहले भी अक्षय कई बार अपनी फिल्मों की रिलीज से पहले धार्मिक स्थलों पर जाकर आशीर्वाद लेते रहे हैं। नए गाने 'दीवाने हैं' के साथ प्रमोशन अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों की तरफ से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। हालांकि, फिल्म का संगीत काफी पसंद किया जा रहा है। गुरुवार को ही मेकर्स ने फिल्म का नया गाना 'दीवाने हैं' जारी किया है। अक्षय ने खुद अपने इंस्टाग्राम हैंडल से इस गाने को साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जंगल में केओस है, केओस में सेलिब्रेशन है और इस सेलिब्रेशन में सारे दीवाने हैं।' 'वेलकम टू द जंगल' में करीब 34 बड़े कलाकार नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं।

## Highlights

1. Mother and son killed as car plunges into gorge in Lahaul-Spiti
2. Kerala govt to implement PM SHRI scheme after earlier opposing it, LDF criticises
3. HC lifts stay on arrest warrant against Mamata's nephew Abhishek in defamation case
4. Maulana wanted over forced conversion and rape of IAF official's wife in Nagpur arrested
5. 52 Indian institutions listed in QS World University Rankings 2027

# India to allow import of 3.78 lakh cars from UK with lower duty



**NEW DElHI, (Agency).** India will allow the import of 3.78 lakh units of conventional-engine passenger cars, including those in the mass segment, from the UK at concessional customs duty during the first 15 years of the implementation of the trade pact between the two countries.

Under the pact, tariffs on automotive imports will fall from about 110 per cent to 10 per cent, with quotas on both sides.

According to the India-UK CETA document, released on Wednesday, India will get access to the UK's electric, hybrid/hydrogen passenger cars segment with duty-free exports to that country from the sixth year in the price segment ranging from GBP 20,000 to GBP 80,000, with the total quota reaching a peak of 88,000 units from the 15th year and continuing in the subsequent years.

This will benefit Indian manufacturers such as Tata Motors Passenger Vehicles, Mahindra & Mahindra, and Maruti Suzuki, among others. The two countries announced the implementation of the comprehensive trade and economic partnership agreement (CETA) from July 15.

For imports from the UK to India, the quota for conventional-engine passenger cars will peak in the fifth year across specified categories of vehicles at 37,000 units, with customs duties reduction reaching a final 10 per cent. The duties will not be reduced beyond this.

In the first year, the quota for passenger cars of engine size more than 3,000 cc (petrol) and over 2,500 cc (diesel) is 10,000 units, with customs duty being reduced to 30 per cent from 110 per cent. For cars with engine size of 1,500 cc (petrol), 2500 cc (diesel) and 3,000 cc (petrol), the quota is 5,000 units, with duty being reduced to 50 per cent from 66 per cent.

In the mass market segment of engine size of up to 1,500 cc, the allowed quota of import in the first year of the pact is 5,000 units, with customs duty being reduced to 50 per cent from 66 per cent, as per the document. A total of 20,000 units of passenger cars across the three categories will be allowed to be imported in the first year under the agreement.

# Residents Within 20-Kms Radius Of Toll Plaza To Get Monthly/Annual Passes

**NEW DElHI, (Agency).** The Union Ministry of Road Transport and Highways is preparing to introduce digital monthly and annual toll passes for residents living within a 20-kilometre radius of toll plazas. The initiative is aimed at making travel easier for local commuters while supporting the government's



transition to a barrier-less toll collection system across national highways. The proposed passes will be linked directly to FASTag accounts and verified through Aadhaar-based identification, eliminating the need for physical passes and manual verification at toll booths. The move comes as India expands its Multi-Lane Free Flow (MLFF) tolling system, where vehicles can pass through toll plazas without stopping. Instead of physical barriers, tolls are collected automatically using FASTag and number plate recognition technologies. Officials have found that a large share of toll payment violations under the new system involve local residents who frequently cross nearby toll plazas. Many of them currently rely on manual verification or local familiarity with toll staff.

# चलती कार आई20 में लगी आग, बोनट से निकला धुआं

## फ्लाईओवर पर मची अफरा-तफरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर चलती कार I20 में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना अटल बिहारी कॉलेज के पास स्थित फ्लाईओवर की है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। आग बुझाने के दौरान कुछ समय के लिए फ्लाईओवर के एक हिस्से का यातायात भी रोकना पड़ा।**



फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार घटना करीब दोपहर 12:30 बजे की है। धर्मेंद्र गोयल की कार फ्लाईओवर से गुजर रही थी, तभी अचानक उसके बोनट से धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर चालक ने तत्काल वाहन रोककर खुद बाहर निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही मिनटों में आग ने कार के अगले हिस्से को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और वाहन धू-धू कर जलने लगा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि दमकल कर्मियों के पहुंचने तक कार काफी हद तक जल चुकी थी। आग बुझाने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही भंवरकुआ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से फ्लाईओवर के एक तरफ का यातायात कुछ समय के लिए रोक दिया गया, जिससे क्षेत्र में हल्का जाम भी लग गया। आग पर काबू पाने के बाद यातायात को पुनः सुचारु किया गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण वाहन में तकनीकी खराबी माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरा युवक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक अपने दोस्त से मिलने गया था, तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटनावश गिरने का प्रतीत हो रहा है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार नंदबाग कॉलोनी निवासी रवि गुर्जर (35) पुत्र प्रेमलाल गुर्जर की गुरुवार सुबह एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। रवि को कुछ दिन पहले गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि रवि शनिवार को अपने मित्र गोपाल से मिलने एक निर्माणाधीन मकान में पहुंचा था। गोपाल वहां टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। बताया जाता है कि मकान की दूसरी मंजिल पर काम चल रहा था और रवि वहीं से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह करीब 20 फीट नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद गोपाल और अन्य मजदूरों ने तत्काल रवि को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां कई दिनों तक इलाज चला। गोपाल ने पुलिस को बताया कि घटना के समय मकान में टाइल्स लगाने का कार्य चल रहा था। नीचे उतरते समय एक कर्मचारी ने रवि को सावधानी बरतने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन अचानक संतुलन बिगड़ने से वह गिर गया। पुलिस के मुताबिक रवि पेंटर का काम करता था और इंदौर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। उसके परिवार में माता-पिता, दो भाई और एक बहन हैं, जो खंडवा जिले के मूंदी क्षेत्र में रहते हैं।

## अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव 19 जून को इंदौर प्रवास पर रहेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के प्रशासक श्री महेंद्र सिंह यादव 19 जून को इंदौर प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 9 बजे भोपाल से सड़क मार्ग द्वारा इंदौर के लिए रवाना होंगे। इंदौर पहुंचने के बाद दोपहर एक बजे वे इंदौर संभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक इंदौर प्रीमियर को ऑपरेटिव बैंक के सभागार (महारानी रोड) में आयोजित की जाएगी, जिसमें बैंकिंग एवं सहकारिता से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे श्री यादव स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ सौजन्य भेंट करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री यादव रात्रि 8 बजे इंदौर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक